Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Need to open an Agriculture Product Retail Centre under 'National Horticulture Mission' in Patna, Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, सरकार इस साल के बजट में राट्रीय बागवानी मिशन की स्थापना की बात की है। साथ ही साथ प्रधान मंत्री जी भी इस मिशन के बारे में कई बार चर्चा कर चुके हैं। इस मिशन के द्वारा एकीकृत दंग से एक ही दायरे में शोध, उत्पादन, फसल पश्चात प्रबंधन, प्रसंस्करण और समुचित विपणन के लिए हर सिरे पर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। बागवानी का क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में कृि क्षेत्र के 20 प्रतिशत और उसके निर्यतांश के 54 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति करता है जबकि इसका जोत क्षेत्र का हिस्सा मात्र 8.5 फीसदी ही है। अतः बागवानी क्षेत्र में उत्पादन बढाने की असीम संभावनायें हैं। इसी मिशन के तहत देश के कई भागों में कृि उत्पादन बिक्री केन्द्र स्थापित करने की योजना है उसमें एक केन्द्र पटना में स्थापित होनी है।

मैं सदन के माध्यम से माननीय कृि मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि पटना में इस केन्द्र की स्थापना के लिये जल्द से जल्द कदम उठायें जिससे कि राज्य के किसानों को लाभ मिल सके।